जाति विहीन समाज योजना

इस योजना की प्रत्येक इकाई का एक संयोजक होगा। जिसका फोन नं0 तथा मेल आई डी सबको सूचित किया जाएगा ताकि जो लोग इस योजना से जुड़ना चाहते है वे संयोजक को सम्पर्क कर सकें। योजना म वर्तमान में तीन सूत्रों को लागू किया जाएगा। ये तीन सूत्र निम्न प्रकार हैः–

(i) नामों से जाति सूचक शब्द हटाना :

जो व्यक्ति/शिक्षक/छात्र अपने नाम से जाति सूचक शब्द हटाएँगे उन्हें उन्मुक्त भारत की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा एवं सम्मानित किया जाएगा।

(ii) सहभोज :

(क) कम से कम एक बार सहभोज किसी भी मलिन/दलित बस्ती म किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत सभी उपस्थित सदस्य कथित दलित वर्ग के व्यक्तियों/उनके परिवार की महिलाओं के हाथ का बनाया भोजन करेंगे। भोजन से पूर्व समाज में समानता लाने के के लिए छोटी सी चर्चा होगी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। पूरा कार्यक्रम 1 घंटे का होगा।

(ख) सभी से निवेदन किया गया कि वे अपने घर के विभिन्न समारोह मे दलित वर्ग के व्यक्तियों को समान रूप से आमंत्रित करें व उन्हें सबके साथ ही भोजन भी करवाएँ।

(iii) अर्न्तजातीय विवाह : अर्न्तजातीय विवाहों को प्रोत्साहित करने को आवश्यकता है।

(क) जो व्यक्ति अर्न्तजातीय विवाह करेंगे उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों सम्मानित किया जाएगा।

(ख) जो व्यक्ति अपने बच्चों का अर्न्तजातीय विवाह करवाएँगे उन व्यक्तियों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाएगा।

इस योजना का विस्तृत स्वरूप हमारी वैबसाईट www.unmuktbharat.org से प्राप्त किया जा सकता है।